हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 31 मार्च 2026

04 नगर निगम की सख्तीः सीलिंग के डर से बड़े...



07 कामदा एकादशी पर बाबा खाटू श्याम के...





## खबर संक्षेप

### फील्ड मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण प्रारंभ



**सीहोर।** जिले में जनगणना-2027 के कार्य के सफल संपादन के लिए सीहोर के शासकीय कन्या महाविद्यालय में 30 मार्च को फील्ड लेवल मास्टर ट्रेनर्स का द्वितीय चरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ।

### जागरूकता रथ व पोस्टर के माध्यम से किसानों को कर रहे जागरूक

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता रथ संचालित किया जा रहा है, जिसमें लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों और नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है। किसानों को समझाइश दी जा रही है कि वे फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे, पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो और कृषि उत्पादन भी अधिक हो।

### इंदौर-भोपाल हाईवे के किनारे टीन शेड शेड में पुलिस ने की छापेमारी

# अवैध डीजल का जखीरा पकड़ा, 32 ड्रमों में रखा 4 लाख का डीजल जब्त

पुलिस टीम ने इंदौर-भोपाल रोड स्थित चद्दर के एक टपरे शेड पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान वहां बने गोदाम से कुल 4825 लीटर अवैध डीजल बरामद हुआ, जिसे 32 छोटे-बड़े ड्रमों में भरकर रखा गया था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/जावर





एक ओर जहां आम जनता पेट्रोल पंपों पर कतारों में खड़ी है, वहीं दूसरी ओर कुछ असामाजिक तत्व अवैध तरीके से ईंधन का भंडारण कर कालाबाजारी करने में जुटे हैं। ऐसे ही माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सीहोर जिले की जावर थाना पुलिस ने इंदौर-भोपाल रोड पर एक गोदाम से भारी मात्रा में अवैध डीजल जब्त किया है।

पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले में अवैध डीजल के भंडारण और बिक्री पर अंकुश लगाने के सख्त निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी आष्टा दामोदर गुप्ता के मार्गदर्शन में जावर थाना प्रभारी हेमंत पांडेय को मुखबिर से सूचना मिली थी।

#### गोदाम में छापा, 32 ड्रम डीजल बरामद

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हेमंत पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इंदौर-भोपाल रोड स्थित चद्दर के एक टपरे शेड पर छापेमारी की। तलाशी के दौरान वहां बने गोदाम से कुल 4825 लीटर अवैध डीजल बरामद हुआ, जिसे 32



छोटे-बड़े ड्रमों में भरकर रखा गया था। जब्त किए गए डीजल की बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 4 लाख रुपये बताई जा रही है।

#### एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

पुलिस ने मौके से एक आरोपी दीपसिंह परिहार निवासी जरखी शाजापुर को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मामले में संलिप्त दो अन्य आरोपी जुगल जायसवाल और यश जायसवाल निवासी आष्टा फिलहाल फरार हैं, जिनकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

#### टीम की सराहनीय भूमिका

इस बड़ी सफलता में थाना प्रभारी हेमंत पांडेय के साथ उप निरीक्षक संतोष विश्वकर्मा, प्रधान आरक्षक जस्सुलाल सोलंकी, आरक्षक नरेंद्र, मनोज, जितेंद्र, सुरेंद्र, अमित, कमलेश और सैनिक संतोष पोरवाल, राहुल, यशवंत व गोपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 10 अप्रैल से खरीदी का ऐलान

## भोपाल से नहीं खुली लिंक, स्लॉट बुकिंग न केंद्र ऑनलाइन

**सीहोर।** जिले में रबी उपार्जन शुरू होने से पहले ही व्यवस्था लड़खड़ा गई है। 10 अप्रैल से गेहूं खरीदी का ऐलान है, लेकिन सबसे जरूरी कड़ी ई-उपार्जन पोर्टल अब तक अधूरा है। जिले के 98 हजार 292 पंजीकृत किसान अपनी उपज बेचने को तैयार हैं, लेकिन गेहूं के लिए स्लॉट बुकिंग का ऑप्शन ही नहीं खुला है।

प्रशासन ने 240 खरीदी केंद्र प्रस्तावित किए हैं और इनमें से 100 से अधिक को मंजूरी भी मिल चुकी है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि पोर्टल पर एक भी केंद्र ऑनलाइन दिखाई नहीं दे रहा। फिलहाल सिर्फ चना और मसूर के लिए स्लॉट बुकिंग हो रही है, जबकि गेहूं खरीदी पूरी तरह अटकी हुई है। जिम्मेदारों का कहना है कि स्लॉट बुकिंग की लिंक भोपाल स्तर से ओपन होगी। ऐसे में 2625 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य पर 7 लाख मीट्रिक टन खरीदी के लक्ष्य के बीच शुरुआत पर ही संकट के हालात बन गए हैं।

नाराजगीः हर साल 15 मार्च से खरीदी, इस बार सिर्फ इंतजार किसान मनोहर मेवाड़ा ने बताया कि हर साल 15 मार्च से खरीदी शुरू हो जाती है, लेकिन इस बार पहले ही 15 दिन की देरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर खरीदी शुरू होने में दो दिन बचे हैं, लेकिन स्लॉट बुकिंग का ऑप्शन ही नहीं है। कम से कम एक सप्ताह पहले स्लॉट




खुल जाना चाहिए था, ताकि किसान अपनी सुविधा से केंद्र चुन सकें। इस बार पूरी प्रक्रिया लेटलतीफी का शिकार है। गेहूं खरीदी के नियम भी बढ़ा रहे जटिलता इस बार खरीदी प्रक्रिया को सख्त बनाया गया है। अब खरीदी सिर्फ गोदाम परिसर और उसके 25 किमी दायरे में ही होगी। खुले केंद्रों को अनुमति नहीं दी जाएगी। हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे, कंप्यूटर और इंटरनेट अनिवार्य किए गए हैं, ताकि पूरी प्रक्रिया पोर्टल पर दर्ज हो और निगरानी हो सके। हालांकि, जमीनी स्तर पर तैयारियां अभी इन नियमों के मुताबिक पूरी नहीं दिख रही हैं।

खरीदी व्यवस्था में एक और बड़ी चुनौती सामने हैं, जूट के बारदानों की कमी। जिले ने इसकी डिमांड भोपाल भेजी है, लेकिन अब तक आपूर्ति शुरू नहीं हुई है। स्थिति यह बन रही है कि इस बार गेहूं की खरीदी प्लास्टिक बैग में भी करनी पड़ सकती है। अधिकारियों के मुताबिक पुराने बोरे भी इस्तेमाल किए जाएंगे, लेकिन लक्ष्य 7 लाख मीट्रिक टन होने के कारण संसाधनों पर दबाव साफ दिख रहा है।

## खाद्य विभाग के अधिकारी कर रहे पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का निरीक्षण

### जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है पेट्रोल-डीजल और एलपीजी सिलेंडर



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस सिलेंडरों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने और गैस सिलेंडरों के व्यवसायिक उपयोग को रोकने के उद्देश्य से खाद एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों, गैस एजेंसियों के गोदामों, होटलों एवं अन्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया जा रहा है। बुधनी सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव द्वारा बुधनी स्थित 02 गैस एजेंसियों एवं 03 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल एवं डीजल उपलब्ध पाया गया।

इसके साथ ही बुधनी, बकतरा एवं शाहगंज स्थित 12 होटलों एवं रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया गया। सहायक आपूर्ति अधिकारी प्रकाश यादव ने बताया कि खाद्य विभाग द्वारा निरंतर पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस के स्टॉक की निगरानी की जा रही है तथा वर्तमान में आपूर्ति में किसी भी प्रकार की कोई बाधा नहीं है।

### घर के बुजुर्ग सबसे बड़ी पूंजी हैं : पं. पाठक

**सीहोर ।** आज के युग में घर के बुजुर्ग सबसे बड़ी पूंजी हैं। वे हम सबको रास्ता दिखाते हैं। बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके पास अनुभव, संस्कार, ज्ञान होता है। उनका सम्मान सामाजिक दायित्व है। भारतीय संस्कृति की नींव है। यह बात कथा व्यास पंडित मोहितराम पाठक ने कही। रविवार को माधव महाकाल आरोग्य आश्रम परिवार ने संत श्री श्री 1008 पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के आशीर्वाद से 51 वरिष्ठों का सम्मान किया। कार्यक्रम निर्माणाधीन श्री केदारेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में हुआ। पंडित मोहितराम पाठक का सानिध्य रहा। शुरुआत गोमाता पूजन से हुई। कलश पूजन हुआ। भगवान केदारेश्वर महादेव की आरती की गई। पंडित पाठक ने कहा वृद्धजन बोझ नहीं हैं। वे आशीर्वाद हैं। सम्मान से उन्हें गरिमापूर्ण जीवन मिलता है। आने वाली पीढ़ियों को सही दिशा मिलती है। उन्होंने बुजुर्गों की सेवा का संकल्प लेने की बात कही। श्रीराम गोशाला गोतीर्थ क्षेत्र में पिछले 20 साल से बेसहारा गोवंश की सेवा हो रही है। माधव महाकाल आरोग्य आश्रम सेवा कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में समाजसेवी अखिलेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, बलवीर तोमर, आशीष गहलोत मौजूद रहे।

## कार-बाइक टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत



**बुधनी।** थाना क्षेत्र में रविवार रात करीब 8:15 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक जितेंद्र (21) पिता रामचंद्र, निवासी ग्राम सलेया भज्जू थाना नर्मदापुरम तथा उसका साथी कावेंद्र (20) पिता भूपतलाल, निवासी ग्राम पिपरिया थाना शाहपुर जिला डिंडोरी, वर्तमान में बुधनी के पास पीलीकरार क्षेत्र में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे रविवार शाम दोनों बाइक से बुधनी आ रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कार बाइक सवारों को घसीटते हुए सड़क से नीचे जा गिरी हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई स्थानीय लोगों ने किसी तरह दोनों युवकों को बाहर निकालकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया, जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को नर्मदापुरम जिला चिकित्सालय रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त कार और बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है इस मामले में कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों युवक वर्धमान फेब्रिक्स में मजदूरी करते थे और पीलीकरार क्षेत्र में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस ने मृतक के शवों का सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## हल्की बारिश संभव:वेस्टर्न डिस्टरबेंस और कम दबाव का क्षेत्र बनने से मिलेगी राहत



**सीहोर।** जिले में मंगलवार शाम हल्की बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) और कम दबाव का क्षेत्र बनने के कारण यह पूर्वानुमान जताया है। इससे जिले में भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। पिछले 24 घंटों के दौरान सीहोर में अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उल्लेखनीय है कि बीते एक सप्ताह से अधिकतम तापमान 36 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे लोग लगातार तेज गर्मी का सामना कर रहे हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, मंगलवार शाम को सीहोर जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान तेज हवाएं चलने की भी संभावना है, जिससे मौसम के मिजाज में बदलाव आएगा। मार्च माह की शुरुआत से ही सीहोर जिले में अधिकतम तापमान लगातार बढ़ रहा है। 1 मार्च को जहां अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं मार्च माह के दौरान यह लगातार 35 डिग्री सेल्सियस से ऊपर बना रहा।

#### मार्च का अधिकतम तापमान

26 मार्च : 39 डिग्री सेल्सियस
27 मार्च : 36 डिग्री सेल्सियस
28 मार्च : 38 डिग्री सेल्सियस
29 मार्च : 38 डिग्री सेल्सियस
30 मार्च : 39 डिग्री सेल्सियस।

## पानी संकट पर युवक टंकी पर चढ़ा:एक घंटे तक मचाया हंगामा, पुलिस की समझाइश के बाद उतरा नीचे

**सीहोर।** जिले में जल संकट के बीच एक युवक पानी की मांग को लेकर इछावर के आजाद चौक स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गया। उसने करीब एक घंटे तक हंगामा किया और प्रशासन से पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की।

जानकारी के अनुसार, युवक टंकी पर चढ़कर जोर-जोर से चिल्ला रहा था और पानी की समस्या को उजागर कर रहा था। जब स्थानीय लोगों की समझाइश के बाद भी वह नीचे नहीं उतरा, तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इछावर पुलिस मौके पर पहुंची और



युवक को काफी देर तक समझाया। पुलिस की समझाइश के बाद अधेड़ व्यक्ति पानी की टंकी से नीचे उतर आया। यह घटना सीहोर जिले में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को दर्शाती है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

### कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में किया गया प्रदर्शन

# कांग्रेस का प्रदर्शन:केंद्र-प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में निकाली शव यात्रा




हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर में जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों और बढ़ती महंगाई के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में सोमवार शाम को जिला मुख्यालय पर यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से महंगाई की शव यात्रा निकालकर अपना आक्रोश व्यक्त किया।

जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती ने भाजपा सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि इनकी अपरिपक्व नीतियों के कारण आम जनता का जीवन मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि 1 अप्रैल से बिजली दरों में होने वाली अप्रत्याशित वृद्धि और गैस सिलेंडरों की किल्लत ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। जिले में गैस की अनुपलब्धता के कारण चाय-नाश्ते की छोटी दुकानें बंद होने की कगार पर हैं, जिससे शादी वाले परिवारों और भंडारा समितियों के सामने भी संकट खड़ा हो गया है।

#### डीजल की कमी का मुद्दा उठाया

राजीव गुजराती ने डीजल की कमी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों को पारंपरिक रूप से केन और ड्रम में मिलने वाला डीजल अब उपलब्ध नहीं है, जिससे खेती-किसानी के कार्यों में बाधा आ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पेट्रोल-डीजल की किल्लत और महंगाई ने समाज के हर वर्ग को प्रभावित किया है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। कांग्रेस के इस प्रदर्शन के लिए जिलाध्यक्ष ने जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं, समन्वय समिति के सदस्यों, ब्लॉक कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, किसान कांग्रेस, महिला कांग्रेस और सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों को एकजुट होने का आह्वान किया था। शव यात्रा कोतवाली चौराहा से प्रारंभ हुई। गुजराती की अपील पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता इस आंदोलन में शामिल हुए, ताकि भाजपा सरकार की विफलताओं और जनता के हक की लड़ाई लड़ी जा सके।

## नौसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए मौका 6 अप्रैल तक, 10वीं और 12वीं पास कर सकेंगे आवेदन

**सीहोर।** अग्निवीर योजना के तहत भारतीय नौसेना ने नया नोटिफिकेशन जारी किया है। साइंस के साथ 12वीं पास उम्मीदवारों को नेवी जॉइन करने का मौका मिलेगा। भर्ती में पहली बार सीनियर सेकंडरी रिकूट एसएसआर मेडिकल असिस्टेंट पद के लिए आवेदन मांगे गए हैं।

यह कैटेगरी पहली बार जोड़ी गई है। मैट्रिक रिकूट भी आवेदन कर सकेंगे। पदों की संख्या अभी घोषित नहीं हुई है। आवेदन की अंतिम तारीख 6 अप्रैल है। आवेदन शुल्क 500 रुपए रखा गया है। शुल्क ऑनलाइन जमा होगा।

पात्रता के अनुसार महिला उम्मीदवार भी आवेदन कर सकेंगी। महिलाएं केवल एसएसआर और एमआर पदों के लिए पात्र होंगी। एसएसआर मेडिकल असिस्टेंट पद के लिए केवल अविवाहित पुरुष उम्मीदवार ही आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा में 30 मिनट में कुल 50 सवाल हल करने होंगे। हर सवाल 1 नंबर का होगा। पेपर हिंदी और अंग्रेजी में होगा। अग्निवीर एसएसआर के लिए 12वीं पास होना जरूरी है। गणित और फिजिक्स के साथ केमिस्ट्री, बायोलॉजी या कंप्यूटर साइंस में से कोई एक विषय होना चाहिए।

चयनित 4 साल तक नेवी में सेवाएं देंगे ऑनलाइन आवेदन के बाद सबसे पहले स्टेज-1 परीक्षा होगी। स्टेज-2 में शारीरिक दक्षता परीक्षा, लिखित परीक्षा, भर्ती मेडिकल परीक्षण होगा। नियमों के अनुसार एनसीसी सी प्रमाणपत्र धारकों को स्टेज-1 से छूट मिल सकती है। मेडिकल में फेल होने पर उम्मीदवार का चयन निरस्त कर दिया जाएगा।

फिजिकल टेस्ट में पुरुष अभ्यर्थियों को 6 मिनट 30 सेकंड में 1600 मीटर दौड़, 20 स्क्वेट्स, 15 पुशअप्स, 16 सिट अप्स लगाने होंगे। महिलाओं को 8 मिनट में 1600 मीटर दौड़, 15 उठक-बैठक, पुशअप्स, 10 सिट अप्स लगाने होंगे। चयनित उम्मीदवार 4 साल तक नेवी में सेवाएं देंगे। पहले साल वेतन 30,000 रुपए महीना होगा। वेतन बढ़कर 40 हजार तक पहुंचेगा। 4 साल पूरे होने पर बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले कुछ जवानों को नेवी में स्थाई किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### बालाजी कंचन-11 ने 3 ओवर में 63 रन बनाकर जीता मैच

**सीहोर।** नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मंत्री कप में शनिवार को दो मुकाबले खेले गए। दोनों मैच रोमांचक रहे। खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी में दम दिखाया। गेंदबाजों ने भी असरदार प्रदर्शन किया। दर्शकों का भरपूर मनोरंजन हुआ। पहले मैच में बालाजी कंचन 11 ने टॉस जीता। पहले गेंदबाजी चुनी। दरबार 11 ने 8 ओवर में 62 रन बनाए। शैलेंद्र ने 8 गेंदों में 18 रन बनाए। अभिषेक ठाकुर ने 12 गेंदों में 17 रन जोड़े। बालाजी कंचन 11 से अनिल राजपूत ने 2 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट लिए। प्रिंस वर्मा ने 2 विकेट लिए। राज को 1 विकेट मिला। जवाब में बालाजी कंचन 11 ने 3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। राज ने 11 गेंदों में 41 रन बनाए। 5 छक्के लगाए। 2 चौके लगाए। अनिल राजपूत ने 6 गेंदों में 19 रन बनाए। 3 छक्के लगाए। ऑलराउंड प्रदर्शन पर अनिल राजपूत मैन ऑफ द मैच रहे। परमार स्टोन क्रेशर ने 85 रन बनाकर जीता मैच : दूसरे मैच में राजपूत वॉरियर्स ने टॉस जीता। पहले गेंदबाजी ली। परमार स्टोन क्रेशर ने 8 ओवर में 9 विकेट पर 85 रन बनाए। आजम ने 6 गेंदों में 16 रन बनाए। विससु ने 10 गेंदों में 15 रन बनाए। 6 छक्के लगाए। रवि ने 11 रन जोड़े। राजपूत वॉरियर्स से कान्हा, आशीष, अमित ने 2-2 विकेट लिए। परम, मोहित को 1-1 विकेट मिला। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजपूत वॉरियर्स 7 ओवर में 70 रन पर ऑलआउट हो गई।

### बकायादारों पर कुर्की-तालाबंदी, कार्रवाई से पहले की वसूली

# नगर निगम की सख्ती: सीलिंग के डर से बड़े बकायदारों, कंपनियों ने जमा की बड़ी रकम

निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, मॉल, भवनों और मैरिज गार्डनों पर की गई कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वित्तीय वर्ष 31 मार्च के समापन को देखते हुए नगर निगम ने राजस्व वसूली में तेजी ला दी है। आयुक्त दलीप कुमार के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम को बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। निगम द्वारा औद्योगिक इकाइयों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, मॉल, भवनों और मैरिज गार्डनों पर कुर्की एवं तालाबंदी की कार्रवाई की जा रही है।



बकाया होने पर प्रतिष्ठानों को सील किया गया।

### कार्रवाई से पहले जमा हुई लाखों की राशि

निगम की सख्ती का असर यह रहा कि तालाबंदी से पहले ही कई कंपनियों ने अपना बकाया कर जमा कर दिया। इसमें सुदर्शन डिकॉन ने 2 लाख, गजरा गियर्स कंपनी ने 7 लाख, एमपी एग्रो बीआरके ने 1.30 लाख, गंगोत्री फ्लेक्सी ट्यूब ने 2 लाख, डीआर होटल ने 3 लाख, अनिक मिल्क ने 75 लाख, विध्याचंल स्कूल ने 30 लाख और अनामय स्कूल ने 1.50 लाख रुपए जमा किए। इसके बाद भी जिन बकायादारों ने कर जमा नहीं किया, उनके खिलाफ निगम की टीम ने कुर्की और तालाबंदी की कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान श्री हरि गार्डन (8 लाख), शेख नायता जमात खाना (8 लाख), मिलन रेस्टोरेंट (1 लाख), एमपी रूई भंडार (58 हजार), गायत्री टाइल्स (2.37 लाख), वार्ड 40 में गफ्फार (11.05 लाख), शमाबी (58 हजार) और कासम (63 हजार) पर

### रविवार को भी जारी रही कार्रवाई

नगर निगम की टीम ने रविवार को भी अभियान जारी रखा। मक्सी चौराहे स्थित सांवरिया रेस्टोरेंट (1.50 लाख), भोपाल रोड वेयरहाउस (4.50 लाख), सुविधा गैस एजेंसी और अनमोल टिंबर कंपनी (2.15 लाख) ने तालाबंदी से पहले ही बकाया जमा किया। वहीं एनिकश कंपनी पर 3.55 लाख की बकाया राशि होने पर उसे सील किया गया।

### लगातार जारी रहेगी सख्ती

राजस्व विभाग के उपायुक्त दीपक पटेल, देवबाला पिपलोनिया, जाकिर जाफरी, अनुभूति श्रीवास्तव सहित टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। निगम ने स्पष्ट किया है कि 31 मार्च के बाद भी बकायादारों के खिलाफ कुर्की और



तालाबंदी की कार्रवाई जारी रहेगी। निगम आयुक्त दलीप कुमार ने करदाताओं की सुविधा के लिए रविवार को भी संपत्तिकर और जलकर के काउंटर खुले रखने की जानकारी दी। साथ ही बकायादारों से अपील की है कि वे समय पर कर जमा कर अप्रिय कार्रवाई से बचें।

## खेड़ापति हनुमान मंदिर में गूंजेगा सीताराम संकीर्तन,2 को उमड़ेगा आस्था का सैलाब



**भैरुंदा।** नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में आगामी 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। संकटमोचन हनुमान जी के जन्मोत्सव को लेकर क्षेत्र के सभी मंदिरों में विशेष तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

विशेष रूप से नगर के प्राचीन एवं सुप्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में इस वर्ष भव्य आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है। जहाँ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी प्रकाश तिवारी ने बताया कि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भगवान हनुमान का अलौकिक और भव्य श्रृंगार किया जाएगा। इस दौरान मंदिर परिसर को आकर्षक रोशनी और फूलों से सजाया जा रहा है। आयोजन की शुरुआत शाम 5:30 बजे से होगी। जिसमें सीताराम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय गायकों और श्रद्धालुओं द्वारा प्रभु श्री राम और भक्त शिरोमणि के भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी,जिससे पूरा वातावरण धर्ममय हो जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण शाम 7:30 बजे होने वाली महाआरती होगी।

महाआरती के पश्चात भगवान को विशेष भोग लगाया जाएगा और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा। केवल नगर ही नहीं,बल्कि ग्रामीण अंचलों में भी हनुमान जयंती को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। क्षेत्र के अन्य प्रमुख हनुमान मंदिरों में भी सुबह से ही अभिषेक, सुंदरकांड पाठ और भंडारे के आयोजन सुनिश्चित किए गए हैं। मान्यता है कि खेड़ापति हनुमान मंदिर में दर्शन मात्र से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं,यही कारण है कि इस विशेष दिन पर यहाँ न केवल स्थानीय बल्कि दूर-दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु मत्था टेकने पहुँचते हैं।

## भगवान महावीर के तप और त्याग ने मानव जीवन का कल्याण किया: जसपाल सिंह अरोरा

### जैन समाज ने निकाली भव्य शोभायात्रा, शामिल हुए वरिष्ठ भाजपा नेता



**सीहोर।** भगवान महावीर जयंती के अवसर पर सीहोर में जैन समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व जिला पंचायत एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने जैन समाज के वरिष्ठजनों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया तो वहीं पालकी में सवार भगवान महावीर की भी पूजा-अर्चना की। इस मौके पर श्री अरोरा ने कहा कि भगवान महावीर के तप और त्याग ने सदैव मानव जीवन का कल्याण किया है। भगवान महावीर स्वामी जी के संदेशों से जहां मनुष्य जीवन का उद्धार हुआ तो वहीं उन्होंने जीवन का मार्ग भी प्रशस्त किया। उनका जीवन और उनके द्वारा दी गई शिक्षा हमेशा से मानव जीवन का उद्धार करती रहेगी। इस मौके पर श्री अरोरा ने सभी नगरवासियों, क्षेत्रवासियों और जिलेवासियों को भगवान महावीर जयंती की बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर श्री अरोरा मित्र मंडल के सदस्य एवं समर्थक भी मौजूद रहे।

## अंधे मोड़ पर पलटा महिलाओं से भरा तीन पहिया वाहन, एक की मौत, आधा दर्जन घायल





**भैरूंदा।** गोपालपुर थाना क्षेत्र में रविवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे ने खुशियों भरे सफर को मातम में बदल दिया। सातदेव में आयोजित दादाजी धूनीवाले सरकार के धार्मिक यज्ञ में शामिल होने जा रही महिलाओं से भरा एक तीन पहिया वाहन धोलपुर गांव के पास अंधे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में प्रेम बाई पति रामशंकर सैनीउम्र लगभग 60साल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन महिलाएं घायल हो गईं। घायलों का उपचार सिविल अस्पताल भैरूंदा में जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बड़नगर से सात महिलाएं, एक चालक और एक अन्य युवक तीन पहिया वाहन से ग्राम सातदेव में चल रहे यज्ञ में शामिल होने के लिए रवाना हुए थे। शाम करीब 7 बजे जब वाहन धोलपुर और चोरसाखेड़ी के बीच स्थित अंधे मोड़ पर पहुंचा, तभी अचानक वाहन का एक पहिया सड़क से नीचे उतर गया। इससे चालक संतुलन खो बैठा और वाहन पलटी खा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हादसा इतना अचानक हुआ कि वाहन में सवार महिलाओं को संभलने तक का मौका नहीं मिला। वाहन के पलटते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर निजी वाहनों से सिविल अस्पताल भैरूंदा पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों को सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। अस्पताल में उनका उपचार जारी है और कुछ की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही भैरूंदा थाना पुलिस सिविल अस्पताल पहुंचकर घायलों के बयान दर्ज किए।

इधर, हादसे की खबर मिलते ही घायलों और मृतका के परिजन बड़ी संख्या में सिविल अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है।

एसडीओपी ने बताया कि तीन पहिया वाहन पलटने से एक महिला की मौत हुई है, जबकि अन्य महिलाएं घायल हैं। प्रारंभिक जांच में वाहन का अनियंत्रित होना हादसे का कारण माना जा रहा है। पुलिस ने मामले में जीरो पर कायमी कर संबंधित थाना गोपालपुर को डायरी भेज दी है। आगे की जांच वहीं की जाएगी।

## कुमनताल में 6 अप्रैल से होगा 13वां वार्षिक श्री लघुरुद्र यज्ञ

**भेरूंदा।** आध्यात्मिक चेतना और लोक कल्याण की भावना के लिए क्षेत्र के ग्राम कुमनताल में एक बार फिर वैदिक मंत्रों की गूँज सुनाई देगी। गांव के श्री बाल डुकी हनुमान महाराज के सानिध्य में आगामी 6 से 12 अप्रैल तक 13 वां वार्षिक श्री लघुरुद्र यज्ञ आयोजित किया जा रहा है। गांव में प्रतिवर्ष होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा हैं।

सात दिवसीय इस महायज्ञ की शुरुआत सोमवार 6 अप्रैल को प्रातः 08:30 बजे कलश यात्रा के साथ होगी। इसी दिन दशविधी स्नान, पंचांग कर्म और मंडप प्रवेश के साथ अनुष्ठान की विधिवत शुरुआत की जाएगी। मंगलवार 7 अप्रैल को विशेष अरणी मंथा पद्धति द्वारा अग्नि स्थापना कर हवन की आहुतियां प्रारंभ होंगी। कार्यक्रम के यज्ञाचार्य पं. लड्डू गोपाल तिवारी (कुमनताल), यज्ञ ब्रह्मा पं. देवी प्रसाद शर्मा,मुख्य यजमान जयनारायण सैनी (गढ़वाल), कुमनताल होगें। यज्ञ के दौरान भक्ति के साथ लोक संस्कृति का रंग भी देखने को मिलेगा। इस दौरान कई सांस्कृतिक आयोजन यहां पर संपन्न होंगे। 11 अप्रैल शनिवार को रात्रि 8 बजे से रनु बाई गणगौर का विशेष सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होगा। गणगौर का यह आयोजन क्षेत्र की प्राचीन परंपराओं को जीवंत करेगा। 12 अप्रैल रविवार को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। जिसके पश्चात एक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। ग्रामवासियों द्वारा इस कार्यक्रम के माध्यम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की जा रही है। आयोजन समिति ने सभी धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इस आध्यात्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने अपील की है।

## पक्षियों के पानी पीने के लिए लगाए सकोरा



**सीहोर।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम हसनपुर तिनोनिया, टिगरिया एवं शेखपुरा में जल शक्ति से नव भक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम शेखपुरा के चौराहा पर जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई, वृक्ष पूजन किया गया और पक्षियों के पानी पीने के लिए सकोरा लगाये गए। ब्लॉक समन्वयक प्रदीप सेंगर ने बताया कि इस अवसर पर जल एवं प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया और इनके संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

### शहर में आकार ले रहा है मिनी केदारनाथ सिद्धपुर की पावन धरा पर भव्य केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण जारी



**सीहोर।** आस्था और भक्ति की नगरी सीहोर अब एक नए तीर्थ स्थल के रूप में अपनी पहचान बना रही है। नगर के सिद्धपुर क्षेत्र स्थित श्री माधव महाकाल आरोग्य आश्रम श्रीराम गौशाला गोतीर्थ क्षेत्र की पावन भूमि पर भव्य केदारेश्वर महादेव मंदिर का निर्माण कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित आश्रम में तेजी से शिखर का कार्य जारी है। निर्माण के उपरांत भव्य रूप से मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा आदि की आयोजन भी किया जाएगा।

कथाव्यास पंडित मोहित राम पाठक के मार्गदर्शन में निर्मित हो रहा यह मंदिर श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र होगा। मंदिर की परिकल्पना द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख भगवान केदारनाथ के स्वरूप के आधार पर की गई है। पंडित मोहित राम पाठक ने मंदिर के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा मंदिर केवल पत्थर और ईंटों का ढांचा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कारों और एकता का प्रतीक है। यह निर्माण आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त धार्मिक धरोहर सिद्ध होगा। शिखर निर्माण का कार्य प्रारंभः जनसहयोग की अपील मंदिर कमेटी के कोषाध्यक्ष जितेंद्र तिवारी और संयोजक शंकर लाल ने जानकारी दी कि मंदिर का निर्माण पिछले दो वर्षों से निरंतर चल रहा है। वर्तमान में मंदिर के शिखर निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

मंदिर निर्माण की मुख्य बातेंः श्रीराम गौशाला गोतीर्थ क्षेत्र और आरोग्य आश्रम परिसर। विशेषताः हिमालय क्षेत्र की तर्ज पर वातावरण और मंदिर की बनावट। सहयोगः समाज के सभी वर्गों से प्राप्त हो रहा है सक्रिय योगदान। एकता और श्रद्धा का केंद्र आश्रम परिवार और मंदिर समिति ने क्षेत्रवासियों और श्रद्धालुओं से शिखर निर्माण में स्वेच्छा से सहयोग करने का आग्रह किया है। उनका मानना है कि जन-भागीदारी से ही यह ऐतिहासिक और आस्था का केंद्र भव्य स्वरूप ले पाएगा।

### सात अप्रैल को होगा यज्ञ का समापन- हजारों श्रद्धालु होंगे पूर्णाहुति में शामिल

# 82 साल से रहा वासुदेव में रामानंदधाम आश्रम पर हो रहा श्री महारूद्रयज्ञ, निकाली कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

क्षेत्र के बाबा रामानंद धाम आश्रम वासुदेव में लगातार 82 वर्षों से श्री महारुद्र यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस स्थान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसे क्षेत्र में होने वाले समस्त यज्ञों का जनक माना जाता है। यानी इसी पावन धरा से यज्ञ की परंपराओं ने विस्तार पाया है। यूं तो इस क्षेत्र में यज्ञ की लगातार परंपरा है। क्षेत्र के अधिकांश बालाजी महाराज के स्थान पर आयोजन निरंतर चलते रहते हैं। लेकिन वासुदेव में होने वाला यज्ञ एक विशेष महत्व रखता है। आश्रम की परंपरा के अनुसार यहां पर यह आयोजन पिछले 82 वर्षों से अनवरत चला आ रहा है। संतों और विद्वानों का मानना है कि यहाँ की व्यवस्था ब्रह्मलीन पूज्य बाबा रामानंद निराकार स्वरूप के मार्गदर्शन में संचालित होती है। यह क्षेत्र अपनी तपभूमि, अखंड ज्योति, अखंड अग्नि से परिपूर्ण है। इतना ही नहीं यहां पर पिछले कई वर्षों से लगातार अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी निरंतर जारी है। इस रामायण पाठ में आसपास लगे हुए गांव के लोगों के द्वारा प्रतिदिन मंडली के रूप में पहुंचकर रामायण पाठ किया जाता है।

के कारण पूरे प्रदेश में श्रद्धेय बना हुआ है। आयोजन के यज्ञाचार्य पं. मनोज तिवारी कांकरिया वाले के मार्गदर्शन में मुख्य यजमान भगवत सिंह साद बीजला के द्वारा सोमवार को विधि विधान के साथ यज्ञ का प्रारंभ किया। जिसके तहत सर्वप्रायश्चित,हेमाद्रि दशविध स्नान, श्री गणेश पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि स्थापना और देव स्थापना के साथ होम कर यज्ञ को प्रारंभ किया गया। इसके बाद से यहां पर प्रतिदिन ब्राह्मणों की मौजूदगी में यज्ञ में आहुतियां डाली जाएगी।

### हनुमान जयंती पर होगा रुद्राभिषेक एवं छप्पन भोग का आयोजन

बाबा रामानंद धाम आश्रम वासुदेव में हनुमान जयंती का आयोजन पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यहां पर हनुमान जी महाराज का रुद्राभिषेक एवं छप्पन भोग का आयोजन भी संपन्न होगा। वासुदेव में विराजित हनुमान जी की चमत्कारिक प्रतिमा को लेकर कहा जाता है कि बाबा रामानंद के द्वारा स्वयं इसे अपने हाथों से स्थापित किया गया था। बाबा को स्वयं हनुमान जी ने स्वप्न दिया था कि मैं यहां पर बरगद के पेड़ के अंदर मौजूद हूं। बाबा ने हनुमान जी महाराज का आदेश मानकर एक पेड़ के नीचे उन्हें विराजित किया और आज यह स्थान तपोभूमि के रूप में प्रसिद्ध है।

हनुमान जयंती के मौके पर यहां विशेष कार्यक्रम आयोजित होता है। यह सभी आयोजन बाबा रामानंद महाराज के समय से ही चले आ रहे हैं। उनके द्वारा जिन आयोजनों को शुरू किया गया था समिति के द्वारा उन्हें अनवरत किया जाता रहा है। हनुमान जयंती पर सुबह 6 बजे बालाजी महाराज का गाय के दूध से रुद्राभिषेक विद्वान 11 ब्राह्मण के द्वारा संपन्न कराया जाएगा।आगामी 7 अप्रैल को यज्ञ का समापन होगा, इस दौरान बेशाख बदी पंचमी के अवसर पर पूर्णाहुति होम महाआरती एवं विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं के द्वारा यहां पर पहुंचकर पूर्णाहुति की जाएगी।

### धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए 16 जोड़ों ने दी आहुति



**सीहोर।** सुदामा नगर स्थित श्री बिल्वेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा के साथ ही पांच दिवसीय श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। बिल्वेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा दूसरे दिन सोमवार को मंडप देवता आह्वान, मंडलों का पूजन, अग्नि स्थापना, प्रतिमाओं का जलाधिवास, अन्नाधिवास किया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य पंडित आकाश मिश्रा और पंडित अमित तिवारी के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ 16 जोड़ां के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। समिति सदस्यों ने बताया कि 31 मार्च को यज्ञकर्म, नवनिर्मित मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं का घृत अधिवास, पत्र अधिवास, द्रव्य अधिवास होगा। एक अप्रैल को यज्ञकर्म और फलाधिवास, शैय्या अधिवास होगा। दो अप्रैल को यज्ञकर्म के बाद श्रीराम भव्य अभिषेक और न्यास, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद महाआरती और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम कें शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

### जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजा शहर, डीजे के साथ यात्रा निकाल निशान लेकर पहुंचे

# कामदा एकादशी पर बाबा खाटू श्याम के एक लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन कर पूजा की





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

शहर के एबी रोड अरन्या पुल के पास बने श्री खाटू श्याम मंदिर में रविवार को कामदा एकादशी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्र से बाबा खाटू ष्याम के दर्षन करने के लिए 1 लाख से अधिक श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं और पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। बाबा के भक्त दूर दराज से डी.जे की धून पर यात्रा निकालते हुए निषान लेकर मंदिर पहुंच खाटू श्याम को चढ़ाया गया।

**51 किलो फूल से किया बाबा का श्रृंगार**

ग्यारस पर्व के लिए मंदिर प्रबंधन समिति ने विशेष तैयारियां की थीं। बाबा श्याम का श्रृंगार करने के लिए उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया था। कार्यक्रमों की शुरुआत प्रातः मंगला आरती से हुई। इसके बाद दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का आयोजन किया गया। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा था। नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।

**बाबा का निशान लेकर निकाली यात्राएं**

इस अवसर पर कई गांवों और मोहल्लों से निशान यात्राएं निकाली गईं। श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

**भीड़ को देख प्रशासन ने बढ़ाया पुलिस बल**

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल सतर्क रहा। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी।

**कामदा एकादशी का एक अलग महत्व**

हिन्दू धर्म में कामदा एकादशी का विशेष महत्व है। इसे नववर्ष की पहली एकादशी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से भक्तों को पुण्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। खाटू श्याम मंदिर में आयोजित यह पर्व भक्ति और उत्साह से भरा रहा। बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा यह जनसैलाब श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा और विश्वास का प्रतीक बना।



### किसान की सालभर की मेहनत राख में बदली

# कोडिया जागीर गांव में खेत में भड़की आग, 8 बीघा गेहूं की खड़ी फसल खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

खुजनेर थानांतर्गत ग्राम कोडिया जागीर में एक खेत में गेहूं में बिजली के शार्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से करीब 8 बीघा की फसल जलकर खाक हो गई। जानकारी के मुताबिक किसान परमानंद पिता भेरुलाल पाटीदार के खेत में अचानक आग लग गई, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पकी हुई गेहूं की सुनहरी फसल कुछ ही मिनटों में काले धुएं और राख के ढेर में तब्दील हो गई। आग की लपटें देख गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और नगर परिषद को दी। सूचना मिलते ही खुजनेर नगर परिषद की फायर ब्रिगेड और पुलिस बल मौके पर पहुंचकर बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों के साहस से आग पर काबू पाया गया। यदि समय रहते नियंत्रण नहीं होता, तो आसपास के सैकड़ों बीघा में खड़ी फसलें भी इसकी चपेट में आ सकती थीं।



**15 बीघा में से आधी फसल जलकर नष्ट**

पीड़ति किसान ने बताया कि उनके कुल 15 बीघा खेत में गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार खड़ी थी। इस हादसे में करीब 7 से 8 बीघा की फसल पूरी तरह जल गई है। जिससे लाखों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। किसान ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि फसल का उचित सर्वे कराकर मुआवजा दिलाया जाए।

**बिजली लाइन में शॉर्ट सर्किट से आग लगी**

हालांकि गेहूं के खेत में लगी भयानक आग के कारण प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों ने बताया कि खेत के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन में शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसकी चिंगारी सूखी फसल पर गिरी और भयानक आग धधक उठी बिजली के तार इतने नीचे है कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता विद्युत विभाग इस ओर ध्यान देना उचित नहीं समझते है शॉट सर्किट की वजह से किसान की पूरी मेहनत खाक हो गई है।

# 'संकल्प से समाधान' अभियान में 53 शिकायतों का निराकरण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के.एल. बंजारे के नेतृत्व में जिलेभर में लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए "संकल्प से समाधान" अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को थाना सारंगपुर परिसर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीओपी अरविंद सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक आकांक्षा हाड़ा तथा राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार गोपाल चैहान एवं आरआई की उपस्थिति में आवेदक एवं अनावेदक पक्षों की सुनवाई की गई। शिविर में राजस्व एवं घरेलू विवाद से संबंधित कई लंबित शिकायतों का निराकरण किया गया, जिनमें वर्ष 2025 से लंबित प्रकरण भी शामिल थे। अभियान के तहत दोनों पक्षों को थाने बुलाकर आपसी समझाइश से मामलों का समाधान कराया गया। शिविर के दौरान वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त 30 शिकायतों एवं स्थानीय स्तर की 23 शिकायतों सहित कुल 53 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इनमें से लगभग 5 प्रकरणों में आपसी राजीनामा भी हुआ। आवेदक एवं अनावेदक पक्षों ने पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान की सराहना की। साथ ही पुलिस द्वारा आमजन को आश्वस्त किया गया कि भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित कर समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाता रहेगा।

# जन अभियान परिषद ने खोली निशुल्क प्याऊ



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

भीषण गर्मी को देखते हुए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जनसेवा की पहल करते हुए निःशुल्क प्याऊ का शुभारंभ किया गया। यह प्याऊ नवांकुर संस्था सडावता द्वारा भाटखेड़ी जोड़ पर स्थापित किया गया। जहां राहगीरों और ग्रामीणों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने इस पहल को जनहित में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि गर्मी के मौसम में इस प्रकार की व्यवस्था लोगों के लिए राहत प्रदान करती है।

**कालीपीठ गांव से विधायक को मिली थी शिकायत**

# बगैर ऑपरेटर चल रही थी जल जीवन मिशन की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

हर घर, नल से जल पहुंचाने सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना की मॉनिटरिंग ही जल जीवन मिशन के अधिकारी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। यही कारण है कि क्षेत्र के बहुत से ग्रामों में समय पर नल नहीं आ पा रहे हैं वहीं कई जगह बहुत कम प्रेशर से नलों में पानी आ रहा है।


इसी तरह की एक शिकायत क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव को कालीपीठ क्षेत्र से मिली थी। इस पर उन्होंने जल निगम के महाप्रबंधक को वस्तुस्थिति पता करने के निर्देश दिए। विधायक के निर्देशों के बाद जब मेसर्स एलएण्डटी कंपनी के स्टेट हेड शेख अहमद कालीपीठ पहुंचे तो उन्हें मालूम हुआ कि ग्राम पंचायत समिति द्वारा अभी तक कोई स्थाई ऑपरेटर ही नियुक्त नहीं किया है जो निर्धारित समय पर वाल्व खोल एवं बंद कर सके। इसी कारण के चलते गांव के कुछ मोहल्लों में जलापूर्ति सुचारू हो रही थी वहीं कुछ क्षेत्रों में कम प्रेशर से पानी पहुंच पा रहा था। नल के वाल्व कभी खोले जा रहे थे तो ध्यान नही नहीं दिया जा रहा था।

इस पर जल निगम के अफसरों ने प्रेशर संबंधी समस्या के त्वरित समाधान एवं नियमित संचालन के निर्देश प्रदान किए ताकि ग्रामीणों को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।



# स्वर्णकार समाज की कार्यकारिणी में जगदीश बने मीडिया प्रभारी

**राजगढ़।** श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के नगर अध्यक्ष भगवत प्रसाद सोनी ने नगर कार्यकारिणी घोषित की है। इस कार्यकारिणी में संदीप सोनी चाठा, सुरेश सोनी करेड़ी, दिनेश सोनी चाटूखेड़ा, नीतेश सोनी राजगढ़, गजेंद्र सोनी करेड़ी को उपाध्यक्ष बनाया गया। सचिव का दायित्व मोहन सोनी पीडल्यूडी को सौंपा गया। इसके साथ ही जगदीश सोनी मीडिया प्रभारी बनाए और सह-सचिव की जिम्मेदारी राजेंद्र सोनी राज करेड़ी एवं दीपक सोनी राजगढ़ को दी गई है। सामाजिक आयोजन मुख्य व्यवस्थापक पद पर अमित सोनी जड़यिा एवं मनोज सोनी को बनाया गया है।लोगों ने नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी।



# जिले में चना-मसूर उपार्जन के लिए 14 केंद्र निर्धारित

**गुना।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल द्वारा चना एवं मसूर के उपार्जन हेतु जिला उपार्जन समिति की अनुसंशा पर जिले में 14 उपार्जन केन्द्र निर्धारित किये गये है। जारी आदेशानुसार बीनागंज अंतर्गत विपणन सहकारी संस्था मर्यादित बीनागंज उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 2 बीनागंज, तहसील कुंभराज अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. कुंभराज उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक A1 कुंभराज, तहसील मधुसूदनगढ़ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. डोंगर मोतीपुर उपार्जन स्थल श्रीराम वेयर हाऊस मधुसूदनगढ़, तहसील राघौगढ अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. गावरी उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 1 राघौगढ, तहसील गुना अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. पगारा उपार्जन स्थल मंजू शर्मा वेयर हाऊस बीलावावड़ी, सेवा सहकारी समिति मर्या. धमनार उपार्जन स्थल रामकृपा वेयर हाऊस डूंगासरा, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित गुना उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक-सी1 नानाखेड़ी एवं सेवा सहकारी समिति मर्या. नानाखेडी उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाऊस क्रमांक 19 बिलोनिया, तहसील बमोरी अंतर्गत बमौरी सेवा सहकारी समिति मर्या हमीरपुर उपार्जन स्थल हरि राधा वेयर हाउस भौंरा बमौरी, तहसील आरोन अंतर्गत सेवा सहकारी समिति मर्या. सालय उपार्जन स्थल पटेल वेयर हाउस रामपुर, सेवा सहकारी समिति मर्या. मूडराखुर्द उपार्जन स्थल प्रेम वेयर हाउस रामपुर, विपणन सहकारी संस्था मर्यादित आरोन उपार्जन स्थल शासकीय वेयर हाउस क्रमांक-2 आरोन, सेवा सहकारी समिति मर्या पनवाड़ी हाट उपार्जन स्थल गोपाल वेयर हाउस बरोद तथा सेवा सहकारी समिति मर्या. देहरी कलां उपार्जन स्थल मुस्कान वेयर हाउस रामपुर निर्धारित किया गया हैं।

### जल गंगा सर्वधन अभियान

# विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ ली



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित बीएस डब्लू तथा एमएस डब्लू कक्षा के छात्र-छात्राओं ने "जल गंगा सर्वधन अभियान" के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर जल संरक्षण की शपथ ली। छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे अपने-अपने गांवों में जाकर लोगों को जल संग्रहण के प्रति जागरूक करेंगे, स्वयं भी जल बचाएंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इसके पश्चात ग्राम तारागंज में अभियान के अंतर्गत रैली निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने नारे लगाकर ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताया और "जल की हर बूंद अमृत है" जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक बद्रीलाल बामनिया, सारंगपुर सेक्टर की नवांकुर समिति से रामविलास लोदी, मेंटर पवन सिंह बैस, फूलसिंह नागर, रेखा नागर, दिनेश बामनिया, ललित मालवीय सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन**



**खिलचीपुर।** विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत दूंदाहेड़ी में 5.35 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क एवं 25 लाख की लागत से बनने वाली बाउंड्रीवाल का भूमिपूजन शनिवार को विधायक हजारीलाल दांगी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर बालचन्द दांगी, पूर्व जिला सह कोषाध्यक्ष देवेन्द्र गौड़, जिला सह कोषाध्यक्ष मण्डल महामंत्री भारतसिंह तोमर, सरपंच संघ अध्यक्ष बलवंतसिंह सिसोदिया सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**बिजली कर्मचारियों ने किया चक्काजाम, एफआईआर दर्ज करने के बाद हटे**

**माचलपुर।** बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा समीपस्थ ब्राह्मण गांव में शनिवार को वसूली करने के लिए पहुंचे थे। जहा पर बिजली कर्मचारी ज्ञानसिंह दांगी ने गांव के पटेल प्रभूलाल दांगी से बिजली का बकाया जमा करने के लिए बोला तो पटेल ने आक्रोष में आकर कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस थाना पहुंच गया। लेकिन पुलिस द्वारा समय पर एफआईआर नहीं लिखने के कारण विघुत विभाग के कर्मचारियों ने आक्रोष में आकर पचोर-सोयत स्टेट हाईवे का जाम कर दिया। करीब आधे घण्टे तक चले चक्काजाम के पुलिस के समझाइश के बाद खोला गया और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामला जांच में लिया।



# हनुमंत जन्मोत्सव पर गिरीराज भक्त मंडल ने दंडवत परिक्रमा यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीरापुर

हनुमान जयंती के पावन अवसर पर नगर के गिरिराज भक्त मंडल के तत्वावधान में पहली बार दण्डवत परिक्रमा यात्रा का आयोजन किया गया। दंडवत परिक्रमा प्रातः छापीहेड़ा नाका स्थित हटीले हनुमान मंदिर पर विधायक हजारीलाल दांगी ने पूजा अर्चना करके प्रारंभ करवाईं। दंडवत परिक्रमा यात्रा हटिले हनुमान मंदिर पचोर नाका से शुरु होकर श्रीराम मंदिर आवास कॉलोनी, सिद्धेश्वर महादेव मंदिर थाना परिसर , हनुमान मंदिर किशनगढ़, बालाजी मंदिर बुधवारिया बाजार, बाग वाले हनुमान मंदिर परोलिया रोड, खांड़ी वाले बालाजी मंदिर ,गोप चैहानजी हनुमान मंदिर, हनुमान जी बस स्टैंड मंदिर, चामुंडा माता पुनःहटिले हनुमान मंदिर पर समापन हुआ। दण्डवत परिक्रमा यात्रा में शामिल भक्त भगवान के जयकारे एवं भजन कीर्तन करते चल रहे थे। इस बीच नगरवासियों ने यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथावाचक पंडित सुरेश बिहारी नागर, पं. कमल बिहारी नागर, गिरीराज भक्त मण्डल सदस्य हेमन्त जोशी, पवन कुशवाह, मुकेश पुष्पद टेक्सी, शिव मण्डलोई, ओमप्रकाश सेन सहित अन्य भक्त शामिल रहे।



श्रद्धालु भक्तों ने मध्य मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं पेय पदार्थ से स्वागत किया।

### सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं, मधुर व्यवहार रखें

# भाजपा का प्रशिक्षण अभियान में कार्यकर्ताओं को दी संगठन मजबूती की सीख

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर

नगर में भारतीय जनता पार्टी का पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाप्रशिक्षण अभियान का समापन रविवार को हुआ। पार्टी संगठन के निर्देशानुसार मार्केटिंग सोसायटी परिसर में आयोजित इस दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन, विचारधारा और सरकार की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। शनिवार का षुभारंभ विधायक मोहन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं अभियान जिला प्रभारी जगदीश पंवार द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रशिक्षण के अंतिम सत्र को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि वर्ष 2003 के पहले गांव, गरीब एवं नगरों की स्थिति अत्यंत दयनीय थी, लेकिन भाजपा सरकार बनने के बाद ग्रामीण विकास को प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से गांवों को शहरों से जोड़ा गया, जिससे आज अधिकांश गांव सड़कों से जुड़ चुके हैं। उन्होंने बताया कि शेष कार्यों में वन विभाग की आपत्तियां प्रमुख बाधा बनी हुई हैं। कृषि क्षेत्र में सुधार कर खेती को लाभ का धंधा बनाने का कार्य भाजपा सरकार ने किया। जिससे किसानों की आय में वृद्धि हुई है और भूमि की उत्पादकता भी बढ़ी है। "लाड़ली बहना योजना" के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। विधायक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में प्रत्येक विधायक को 15 करोड़ रुपए की राशि विकास कार्यों के लिए दी जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे चैपाल स्तर पर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और समाज के हर वर्ग से मधुर व्यवहार रखें। साथ ही उन्होंने सांसद, मंत्री, विधायक एवं पार्टी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के घर जाकर संवाद करें, जिससे संगठनात्मक मजबूती बढ़ेगी।

प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया। पहले सत्र की अध्यक्षता घनश्याम गर्ग ने की, जिसमें मुख्य वक्ता ज्ञान सिंह गुर्जर ने भाजपा के इतिहास एवं विकास पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में जगदीश पवार ने बूथ प्रबंधन एवं "मन की बात" कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को सरकार की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। संचालन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी और आभार भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई एवं रवि मीना ने माना।





# थाना व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखने पहुंचीं एसपी

**गुना।** जिले में पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक हितिका वासल द्वारा दिनांक 28 मार्च 2026 की रात्रि में थाना आरोन का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने थाने के विभिन्न महत्वपूर्ण भागों का सूक्ष्म अवलोकन करते हुए कार्यप्रणाली की वास्तविक स्थिति का आकलन किया। निरीक्षण के क्रम में थाना परिसर, मालखाना, हवालात, रोजनामचा, एचएच/गुंडा रजिस्टर एवं अपराध पंजी आदि सहित लंबित प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित संधारण, स्वच्छता व्यवस्था तथा थाने की समग्र कार्यप्रणाली को बेहतर बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने मौके पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि आम नागरिकों की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निराकरण किया जाए। महिला संबंधी अपराधों एवं लंबित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक ने रात्रिकालीन गश्त को प्रभावी बनाने, संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। साथ ही, ड्यूटी के दौरान अनुशासन, जिम्मेदारी एवं संवेदनशील व्यवहार बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आमजन का विश्वास पुलिस की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे बनाए रखने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सक्रिय कार्यशैली अत्यंत आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को शीघ्र सुधारने के निर्देश दिए गए, वहीं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना भी की गई।

## खबर संक्षेप

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**आष्टा।** 26 मार्च को सूचनाकर्ता द्वारा थाना आष्टा में उपस्थित होकर रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिग लड़की को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर ले गया है। उक्त रिपोर्ट पर थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। प्रकरण में अपहृता की तलाश हेतु पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुरानी सब्जी मंडी से नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। आरोपी को गिरफ्तार कर वैधानिक प्रक्रिया पश्चात न्यायालय के समक्ष पेश किया। अपहर्ता ने अपने कथनो मे आरोपी सतीश मालवीय ओर उसके चचेरे भाई दीपक मालवीय के द्वारा देवास ले जाना बताने पर से मुख्य आरोपी सतीश के चचेरे भाई दीपक मालवीय को भी प्रकरण मे सह आरोपी बनाकर गिरफ़्तारी की गयी है एवं पुलिस रिमांड लिया।

### अनुराग ठाकुर बने ग्रामीण देवास जिलाध्यक्ष

**देवास।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार एवं संगठन प्रभारी महासचिव डॉ. संजय कामले की सहमति से बेरोजगार प्रकोष्ठ की अध्यक्ष नेहा पालीवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, शहर अध्यक्ष प्रयास गौतम, ग्रामीण जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी द्वारा प्रस्तुत प्रदेश पदाधिकारियों और जिलों की नियुक्ति संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया गया है। अनुमोदन उपरांत बेरोजगार प्रकोष्ठ में उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव एवं विभिन्न जिलाध्यक्षों की नियुक्तियां की गई हैं। इसी क्रम में ग्रामीण देवास जिला अध्यक्ष पद पर अनुराग ठाकुर को नियुक्त किया गया है। यह नियुक्तियां संगठन को मजबूत करने एवं युवाओं की आवाज को सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर से शुरू हुआ चल समारोह, नगर में जगह-जगह किया स्वागत

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सवः कार्यक्रम में भक्ति, अनुशासन और सामाजिक समरसता का नजर आया संगम




चल समारोह के दौरान भगवान महावीर स्वामी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा, जिससे पूरा नगर धर्ममय हो गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महामहोत्सव अत्यंत हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। शोभा यात्रा जुलूस का शुभारंभ श्री दिव्योदय जैन तीर्थ किला मंदिर, आष्टा से हुआ, जहाँ से बैंड, ढोल-नगाड़ों और धार्मिक ध्वजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई।यह विशाल जुलूस नगर के प्रमुख मार्गों—पुरानी सब्जी मंडी, प्रगति गली, बुधवारा, मानस भवन होते हुए सुभाष चौक एवं चार बत्ती चौराहे तक पहुंचा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा भगवान महावीर स्वामी के जयकारों से वातावरण गूंज उठा, जिससे पूरा नगर धर्ममय हो गया।

#### सकल समाज ने किया स्वागत

चार बत्ती चौराहे पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर संयोजक मुकेश नामदेव सचिव मनीष डोंगरे एंव समाज अध्यक्षों ने पालकी में विराजमान भगवान महावीर स्वामी जी को श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष आनंद जैन, कोषाध्यक्ष निर्मल जैन, महामंत्री कैलाश जैन (चित्रलोक) सहित प्रमुख समाजसेवी अजीत जैन, सुनील सेठी, मुकेश बढ़जातियां, गोपी सेठी, शरद जैन, मनोज सुपर जैन, विजय जैन आदि का सकल हिंदू समाज की ओर से सम्मान किया गया। इस दौरान अतिथियों को भगवान महावीर स्वामी के नाम अंकित दुपट्टे पहनाकर अभिनंदन किया गया।

#### यह रहे उपस्थित

सकल हिंदू समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र खत्री, रवि कुशवाहा, मोंटू कौरी, प्रेम नारायण जायसवाल, रमेश मालवीय, सुधीर महलवार ताम्रकार, पूर्व पार्षद सुभाष नामदेव, युवा समाजसेवी देवकरण पहलवान, पार्षद रवि शर्मा , पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कैलाश परमार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह मेवाड़, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सकल हिंदू समाज अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।विशेष आकर्षण के रूप में मातृशक्ति एक समान रंग की पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में शामिल हुई, वहीं युवा वर्ग ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेकर आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान की। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान महावीर स्वामी का जीवन अहिंसा, सत्य और करुणा का संदेश देता है। उनके सिद्धांत आज भी समाज को शांति, सद्भाव और नैतिकता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण करना चाहिए।पूरे आयोजन में अनुशासन, भक्ति और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम देखने को मिला। दिगम्बर जैन समाज के इस भव्य आयोजन ने नगर में धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।





#### नपा प्रतिनिधि ने किया स्वागत

श्रीजी की शोभायात्रा का नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल द्वारा सुभाष चौक पर शोभायात्रा में शामिल मुनिसंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं श्रीजी की पूजा-अर्चना कर समाज के संरक्षक पवन जैन, धनरूपमल जैन, मुकेश बड़जात्या, रमेश जैन आदिनाथ, मनोज जैन सुपर, समाज अध्यक्ष आनंद पोरवाल, निर्मल जैन शिक्षक, कैलाश जैन चित्रलोक, पार्षद कमलेश जैन सहित समाज के वरिष्ठजनों का स्वागत सम्मान किया। नलपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने श्री दिगंबर जैन समाज को भगवान महावीर स्वामी की जयंती की बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज हम सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह के साक्षात अवतार, 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। आज का दिन केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि उनके सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लेने का दिन है। भगवान महावीर ने जियो और जीने दो के सिद्धांतों पर चलना सिखाया है। हम सभी भगवान महावीर के बताए मार्ग पर एक कदम भी चलते हैं, तो यह समाज और विश्व शांति के लिए हमारा सबसे बड़ा योगदान होगा। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा के साथ पार्षद रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, व्यापार महासंघ अध्यक्ष रूपेश राठौर, शंकरलाल बोडाना, मनीष किल्लौदिया मौजूद थे।

# विधायक ने ग्राम पंचायत पगारियाहाट में 5 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने ग्राम पंचायत पगारियाहाट पहुंचकर 5 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण वह भूमि पूजन किया। साथ ही विभिन्न कार्यों के लिए ग्राम में 25 लाख की घोषणा की गई। इस मौके पर विधायक ने कहा कि हमारी सरकार गांव-गांव तक विकास कार्यों की ज्योति जलाने वाली है जो लगातार विकास कार्य कर रही है। आपका विधायक जब भी आपकी मांगों को विकास कार्य के प्रस्ताव को लेकर भोपाल पहुंचता है हमेशा मुख्यमंत्री ने स्विकार किया है।

आपका विधायक हमेशा आपके हर सुख दुख में आपके साथ खड़ा है। आज सरकार की विकास की नीतियों के परिणाम स्वरूप विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायत में करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। कई विकास कार्य जल्दी ही स्वीकृति होने वाले है। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की ऐसी कोई ग्राम पंचायत नहीं रहेगी जहां पर शमशान ना हो। प्रत्येक ग्राम पंचायत में शमशान निर्माण, शमशान तक पहुंच रोड, सौंदर्यकरण हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। विकास कार्यों के लिए सरकार के पास पैसों की कोई कमी नहीं है। सरकार हर ग्राम पंचायत में विकास की ज्योति जलाने को तैयार है। आज सभी को सरकार आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का इलाज मुफ्त कर रही है। गरीबों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। वहीं ग्राम पंचायत पगारिया हाट की सरपंच शबाना बी अकरम खान द्वारा 5 लाख से अधिक विकास कार्य जिसमें मुख्य मार्ग से हनुमान मंदिर तक सीसी रोड का निर्माण, शमशान में बेवर्स ब्लॉक लगाने, सौंदर्यकरण, नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण व भूमि पूजन किया। उन्होंने ग्राम में पार्वती नदी पर स्टॉप डैम का निर्माण, देव महाराज की ओटले पर टीन सेट का निर्माण, इलाही रोड पर खेल मैदान, रविदास धर्मशाला में टीन सेड लगाने व तीनों समाज की धर्मशाला में 5-5 लाख की राशि, कालका मंदिर में टीन सेड के लिए 50000 शीतला माता मंदिर ओटले पर 50000 सहित लगभग 25 लाख के विकास कार्यों की घोषणा की। अतिथियों का स्वागत ग्राम की सरपंच शबाना बी अकरम खान द्वारा हार फूल माला और साफा बांधकर किया गया। इस मौके पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, मानसिंह ठाकुर इलाही, राजेंद्र सिंह ठाकुर, सिद्धिगंज मंडल अध्यक्ष राकेश सिसोदिया, खाचरोद मंडल अध्यक्ष शिव पाटीदार, धर्मेंद्र सिंह ठाकुर, नारायण सिंह धनवाल, कोक सिंह, दयाराम जाट व ग्राम के पंच और ग्रामवासी उपस्थित थे।

# ग्राम ग्वाला में रासेयों के शिविर का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




शासकीय महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजन इकाई द्वारा 7 दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन महाविद्यालय के गोद ग्राम ग्वाला में किया गया। 28 मार्च को महिला एवं बाल स्वास्थ्य विषय पर रैली निकाली गई। इससे संबंधित सर्वे कार्य डॉ. शर्मिला गांगले द्वारा किया गया। इसके बाद बौद्धिक सत्र में राकेश कुमार सोलंकी द्वारा अनुशासन व सामाजिक सहयोग विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। 29 मार्च को शिविर के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि विजेंद्र सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना के उद्देश्य से संबंधित जानकारी स्वयं सेवकों को दी।

कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ शर्मिला गांगले ने प्रस्तुत की। सरपंच प्रतिनिधि अम्बाराम बामनियां ने ग्राम पंचायत ग्वाला में महाविद्यालय द्वारा शिविर लगाए जाने पर आभार व्यक्त किया एवं स्वयं सेवकों को शुभकामनाएँ दी और आशा की भविष्य में ऐसे कार्यक्रम होते रहे। ओंकार सिंह ठाकुर ने स्वयं सेवकों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य नरेंद्र कुमार शुक्ल ने की एवं अध्यक्षीय उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित कार्य का उल्लेख किया तथा शिविर का संचालन कर रहे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव द्वारा किये गये कार्य की सराहना की एवं सभी स्वयं सेवकों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ सुमन भदौरिया ने किया। आभार कार्यक्रम अधिकारी डॉ विजय कुमार यादव ने दिया।

कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि एवं प्राचार्य के द्वारा सात दिवसीय शिविर का प्रमाण पत्र स्वयं सेवकों को प्रदान किया। इस अवसर पर नाथूराम पांचाल, रिंकू, राजेश, पुलकित शर्मा, बडी संख्या में स्वयं सेवक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

### विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने राम जन्मोत्सव मनाया

**जावर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड जावर द्वार देव लखन धाम पर श्री राम जन्मोत्सव मनाया। नेमावर से आए संत योगी बाबा सम्मिलित हुए कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने राम जी के जीवन पर आधारित बातों का वर्णन किया। समरसता के भाव समाज में उत्पन्न हो और इसकी शुरुआत हम घर से करें साथ ही शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तनों पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में जिला सुरक्षा प्रमुख राकेश सिंह ठाकुर ने भी संबोधन दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जावर प्रखंड उपाध्यक्ष बलवान सिंह, गौ रक्षा प्रमुख मनोहर सिंह, सत्संग प्रमुख हटे सिंह, सहसंयोजक अर्जुन सिंह राणा, शिव व्यायाम शाला अखाड़ा उस्ताद नारायण सिंह ठाकुर, राजेंद्र सिंह एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड अध्यक्ष लखन सिंह ठाकुर ने किया।



# शीतला माता मंदिर पहाड़ी पर यज्ञ और मेला शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




ग्राम कजलास में प्राचीन सिद्धपीठ श्री शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मेले का आयोजन प्रारंभ हो गया है जो कि 25 मार्च से 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर समापन किया जाएगा, एवं साथ ही रोजाना रात्रि में कथा का आयोजन किया जाएगा। मेले का शुभारंभ मां शीतला के प्रांगण में नवचंडी महायज्ञ प्रारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया समिति के अध्यक्ष सरपंच धर्मेंद्र राजा ठाकुर ने बताया कि मां शीतला के यहां प्रतिदिन कथा एवं यज्ञ का कार्यक्रम चल रहा है जिसमें सभी आस पास क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की अधिक से अधिक संख्या में आएं व कथा एवं मेले का आनंद लें।

### श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतिमाओं का किया जलाधिवास

# धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए 16 जोड़ों ने दी आहुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सुदामा नगर स्थित श्री बिल्वेश्वर महादेव मंदिर से कलश यात्रा के साथ ही पांच दिवसीय श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की शुरुआत हो गई। बिल्वेश्वर महादेव मंदिर समिति द्वारा दूसरे दिन सोमवार को मंडप देवता आह्वान, मंडलों का पूजन, अग्नि स्थापना, प्रतिमाओं का जलाधिवास, अन्नाधिवास किया गया। इस दौरान यज्ञाचार्य पंडित आकाश मिश्रा और पंडित अमित तिवारी के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ 16 जोड़ां के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए।

समिति सदस्यों ने बताया कि 31 मार्च को यज्ञकर्म, नवनिर्मित मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं का घृत अधिवास, पत्र अधिवास, द्रव्य अधिवास होगा। एक अप्रैल को यज्ञकर्म और फलाधिवास, शैय्या अधिवास होगा। दो अप्रैल को यज्ञकर्म के बाद श्रीराम भव्य अभिषेक और न्यास, नगर भ्रमण, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद महाआरती और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम कें शामिल होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।



# सरस्वती विद्या मंदिर में विद्यार्थियों को सम्मानित कर किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




वार्षिक परीक्षा परिणाम सत्र 2025-26स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में जावर में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के भैया बहनों को प्रोत्साहित किया गया। मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह संघ चालक बाबूसिंह ठाकुर, स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, व्यवस्थापक बाबू लाल पटेल, समिति सदस्य केलाश सोलंकी, मोहन लाल माहेश्वरी, विद्यालय के प्राचार्य हरपाल सिंह सोलंकी व सभी आचार्य परिवार उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद शिक्षा समिति के सचिव बाबूलाल पटेल ने अपने उद्बोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं आने वाले समय में अच्छी पढ़ाई कर कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता एवं अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम गोरवान्वित करें। कार्यक्रम के अध्यक्ष बाबू सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में भैया बहनों को अच्छी पढ़ाई अच्छे संस्कार अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित किया गया कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य सौभाल सिंह ठाकुर ने किया।